# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/6062
दिनांक :–19.11.2022

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर,
मेरठ।

**विषयः– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत् सचालन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया सुंयक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन के संलग्न पत्र संख्या–3266/सत्तर–1–2022 दिनांक 17 नवम्बर, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि जो कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत् सचालन के लिये उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति वेब पोर्टल में उपलब्ध छात्र/छात्राओं के डाटा को एडिट, प्रमोट एवं अपलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पोर्टल को दिनांक 17.11.2022 से पुनः खोले जाने के सम्बन्ध मे है।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान/विभाग में सुंयक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 17.11.2022 के आलोक में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। यदि किसी भी महाविद्यालय/संस्थान/विभाग द्वारा उपरोक्त आदेशों का पालन नही किया जा है तो समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/विभाग की होगी।

**संलग्नकः– यथोपरि।**

भवदीय,

19/11/2022

**कुलसचिव**

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
03. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**कुलसचिव**

6 3270
18/11/22

**महत्वपूर्ण**

**संख्या– 3266 /सत्तर–1–2022–**

**प्रेषक,**

**ब्रह्मदेव,**
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **निदेशक,**
   उच्च शिक्षा,
   उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. **कुलसचिव,**
   समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
   उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–1** **लखनऊ : दिनांक 17 नवम्बर, 2022**

**विषयः–** स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत संचालन के लिये उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति वेब पोर्टल में उपलब्ध छात्र/छात्राओं के डाटा को एडिट, प्रमोट एवं अपलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पोर्टल को दिनांक 17–11–2022 से पुनः खोले जाने विषयक प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम कारपोरेशन लिमिटेड का पत्र दिनांक 14.11.2022 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र के परिप्रेक्ष्य में विषयगत प्रकरण में तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

(ब्रह्मदेव)
संयुक्त सचिव

updesco

# उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड

द्वितीय तल, अपट्रान बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमतीनगर, लखनऊ-226010
(उ.प्र. सरकार का उपक्रम)

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 15/11/22

संख्या 1442/MP/PSHED/2022

सन्दर्भ संख्या / Ref. No. D/22-23/3181
दिनांक /Date :- 14-11-2022

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन,
उच्च शिक्षा/व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/चिकित्सा शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/दिव्यांगजन सशक्तिकरण/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन/पशुधन/संस्कृति/कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग।

संख्या 3266/सत्तर-1-2022

2. कुल सचिव,
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़/बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी/बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, लखनऊ/इलाहाबाद यूनीवर्सिटी, प्रयागराज/गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, गौतमबुद्धनगर/अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, रायबरेली/राजीव गांधी नेशनल एवीएशन विश्वविद्यालय, अमेठी।

**विषयः- स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत संचालन के लिये उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति वेब पोर्टल में उपलब्ध छात्र/छात्राओं के डाटा को एडिट, प्रमोट एवं अपलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पोर्टल को दिनांक 17.11.2022 से पुनः खोले जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि प्रश्नगत योजना के सतत क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु पूर्व में विकसित किये गये डिजीशक्ति वेब पोर्टल में छात्र/छात्राओं का डाटा उनके कोर्स एवं कोर्स अवधि के साथ संरक्षित किया गया है। सत्र 2021-22 के लिये डिजीशक्ति पोर्टल पर एक निर्धारित प्रारूप के अनुसार विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र/छात्राओं का डाटा अपलोड किया गया था।

उल्लेखनीय है कि डिजीशक्ति पोर्टल को सत्र 2022-23 के डाटा के लिये संस्थान लॉगिन द्वारा वेरीफिकेशन, यूनीवर्सिटी/बोर्ड/सोसाइटी/काउन्सिल (UBSC) लॉगिन द्वारा अप्रूवल एवं विभागीय स्तर से लॉकिंग किये जाने हेतु दिनांक 07.11.2022 से खोला गया था।

अवगत कराना है कि उक्त **कार्यवाही को दिनांक 16.11.2022 को रोकते हुये** डिजीशक्ति पोर्टल पर सत्र 2021-22 के छात्र-छात्राओं के पूर्व से संरक्षित डाटा को संस्थान लॉगिन द्वारा सत्र 2022-23 के लिये निम्न दिये गये बिन्दुओं के अनुसार एडिट, प्रमोट एवं अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल को पुनः खोला जा रहा हैः-

1. छात्र/छात्राओं का स्टेटस अपडेट जोकि निम्न 3 श्रेणियों के अन्तर्गत होगाः-
   - प्रमोटेड/पास (संस्थान छात्र-छात्राओं के वर्तमान सत्र का चयन कर सकेगा)।
   - फेल
   - संस्थान छोड़ना
2. छात्र/छात्राओं के ई-मेल आई.डी., मोबाइल न., आधार न. (वैकल्पिक), कोर्स का नाम एवं वर्तमान सत्र को एडिट करना।
3. सत्र 2022-23 के छात्र/छात्राओं का डाटा डिजीशक्ति पोर्टल पर उपलब्ध एक्सेल प्रारूप को डाउनलोड कर भरने के उपरान्त अपलोड करना।

उपरोक्त प्रक्रिया हेतु संस्थान के लॉगिन पर दिनांक 17.11.2022 से एडिट, प्रमोट एवं अपलोड करने का प्राविधान उपलब्ध करा दिया जायेगा। तत्पश्चात अपडेट हो चुके डाटा को निर्धारित की गयी तिथि के उपरान्त संस्थानों द्वारा वेरीफाई, UBSC द्वारा अप्रूव एवं विभागों द्वारा लॉक करने की कार्यवाही हेतु खोल दिया जायेगा।

कृपया उक्त से अवगत होते हुये अपने विभाग के सम्बन्धित नोडल अधिकारी एवं विभाग के अन्तर्गत आने वाले सभी UBSC को सूचित करने का कष्ट करें। तत्क्रम में UBSC स्तर से सम्बन्धित संस्थाओं को सूचित कराया जाना भी अनुरोधित है।

भवदीय,

(कुमार विनीत)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. अपर मुख्य सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ.प्र. शासन।
2. सचिव, औद्योगिक विकास विभाग उ.प्र. शासन।

(कुमार विनीत)
प्रबन्ध निदेशक

JS(BD)

(डा० सुधीर एम० बोबडे)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

SO-1

15.11.2022
(ब्रजदेव)
संयुक्त सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उ० प्र० शासन

16/11/2022

फोनः 0522-2307803 ईमेलः mdupdesco.up@gmail.com